सलाहकार (टीएसटी–किशोर स्वास्थ्य), एनएचएसआरसी की भर्ती हेतु सूचना

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है। एनएचएसआरसी का कार्य आठ प्रभागों में वितरित है, जिनके नाम हैं– सामुदायिक प्रक्रिया, गुणवत्ता सुधार, जन स्वास्थ्य नियोजन, जन स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, एचएमआईएस और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर सलाहकार (टीएसटी–किशोर स्वास्थ्य) की भर्ती करने का इच्छुक है।

कार्य स्थलः नई दिल्ली, किंतु राज्यों और जिलों की अक्सर यात्रा करनी होगी। यात्रा की अवधि महीने के लगभग आधे समय तक हो सकती है।

कार्य/दायित्व का विवरणः

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के किशोर स्वास्थ्य प्रभाग द्वारा प्रदान की गई जानकारी के साथ आरकेएसके संबंधी तकनीकी दिशानिर्देशों को अद्यतन करना/तैयार करना।
2. सर्वेक्षण डिजाइन तैयार कर, प्रोग्राम से जुड़े प्रमुख समस्या वाले क्षेत्रों के साक्ष्य तैयार करने में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सहयोग प्रदान करना, विश्लेषण करना और एएच प्रभाग को सिफारिशें प्रस्तुत करना।
3. अन्य मंत्रालयों या स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन विभागों के आरकेएसके के तहत विभिन्न विषयगत क्षेत्रों के अभिसरण के लिए एकीकृत मॉडल विकसित करना।
4. आरकेएसके के तहत नवीन दृष्टिकोण/प्रायोगिक पहलों के कार्यान्वयन और विस्तार के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
5. राज्यों को नीति निर्माण और एनएचएम के ढांचे और समग्र जन स्वास्थ्य प्रतिमान के तहत आरकेएसके से संबंधित रणनीति के चयन में सहायता करना।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और इसके केंद्र और राज्यों के समय–समय पर सहमतिप्राप्त समझौता ज्ञापनों के लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
7. आम तौर पर एनएचएम और विशेषकर किशोर स्वास्थ्य से संबंधित विचारणीय विषयों (टीओआर) की तैयारी, प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित करने और भर्ती/चयन प्रक्रिया इत्यादि में सहयोग करने के साथ–साथ राज्यों और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता संबंधी जानकारियां जुटाना।
8. रणनीतियों का पूर्वानुमान करने और उनकी योजना बनाने में सहायता करना और अपनी सभी विविधताओं एवं जटिलताओं के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधारों की रूपरेखा तैयार करना।
9. कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी और/या एनएचएसआरसी की कार्यकारी समिति द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभवः

1. जन स्वास्थ्य या सामुदायिक स्वास्थ्य/निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में डॉक्टरेट या स्नातकोत्तर उपाधि अथवा चिकित्सा उपाधि।
2. स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान, किशोर स्वास्थ्य नियोजन अथवा सेवा प्रदायगी के कार्यान्वयन में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव।
3. स्वास्थ्य प्रणाली, किशोर स्वास्थ्य या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
4. किशोर स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यावसायिक लेखन के अनुभव को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
5. नियोजन एवं नीति सहित रणनीति विकास में प्रदर्शित अनुभव और/या फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन/जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाने के कार्य का प्रदर्शित अनुभव।
6. एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट जैसे आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
7. उत्कृष्ट मौखिक प्रस्तुति और लेखन कौशल।
8. बहु–क्षेत्रीय टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
9. केंद्र और राज्य स्तर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ कार्य करने का अनुभव।
10. उच्च गुणवत्ता वाला प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुसंगत कार्य में कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 60 वर्ष या उससे कम, उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए उम्र में ढील दी जा सकती है।

नोटः अपने कार्यवृत्त में आयु, उपाधियां प्राप्त करने के वर्ष, मौजूदा और पूर्व रोजगार की अवधि/तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा **advisor.tst.2016@gmail.com** पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 17 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**